हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 12 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल शाम चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा की 14वीं विधानसभा को भंग करने की सिफारिश के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। अब इस प्रस्ताव को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 174(2)(बी) में राज्यपाल को विधानसभा को भंग करने की शक्ति निहित है।

****

कांग्रेस ने 40 उम्मीदवारों की नई सूची जारी की है।पार्टी ने पंचकूला से पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्र मोहन, अंबाला शहर से निर्मल सिंह, मुलाना से पूजा चौधरी, जगाधरी से अकरम खान और पिहोवा से मनदीप सिंह चट्ठा को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं गुहला से देवेंद्र हंस, कलायत से विकास सहारण, कैथल से आदित्य सुरजेवाला और पुंडरी से सुलतान सिंह जंडोला को उम्मीदवार बनाया गया है।करनाल से श्रीमती सुमिता विर्क, अटेली से श्रीमती अनीता यादव, पृथला से रघुबीर तेवतिया, पलवल से करण दलाल और ऐलनाबाद से भारत सिंह बेनीवाल को टिकट दिया गया है।

****

आम आदमी पार्टी ने आज अपने उम्मीदवारों की दो नई सूचियां जारी की हैं जिनमें 22 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है।पार्टी ने कालका से ओ.पी. गुर्जर, पंचकूला से प्रेम गर्ग, अंबाला शहर से केतन शर्मा, मुलाना से गुरतेज सिंह, शाहबाद से आशा पठानिया और पानीपत शहर से रितु अरोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है।

वहीं जींद से वजीर सिंह □ांडा, नलवा से उमेश शर्मा, लोहारू से गीता श्योराण, दादरी से धनराज कुंडू, फरीदाबाद एन आई टी से रवि डागर और जगाधरी से आदर्शपाल गुर्जर को टिकट दी गई है।

****

जननायक जनता पार्टी - आज़ाद समाज पार्टी (कांशी राम) गठबंधन ने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की है ।छठी सूची में 13 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है जिसमें जेजेपी के 9 और एएसपी कांशी राम के 4 प्रत्याशियों के नाम है ।जननायक जनता पार्टी ने करनाल से जितेंद्र रायल पानीपत शहर से रविंद्र मिन्ना, खरखौदा से रमेश खटक नरवाना से संतोष दनौदा, उकलाना से रोहताश कांदुल नारनौंद से योगेश गौतम और लोहारू से अल्का आर्या को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि नांगल चौधरी से इंजीनियर ओमप्रकाश और बड़खल से परविंदर सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है । वहीं आज़ाद समाज पार्टी कांशी राम ने भिवानी से जुगनु मेहरा बहादुरगढ़ से बलवान सिंह महेंद्रगढ़ से शशि कुमार और बादशाहपुर से सुरेंद्र यादव को टिकट दी है ।हरियाणा में आज नामांकन दखिल करने का आख़िरी दिन है ।

****

जननायक जनता पार्टी और आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम गठबन्धन ने अपने उम्मीदवारों की सातवीं सूची भी जारी कर दी है।जननायक जनता पार्टी ने लाडवा से एडवोकेट विनोद शर्मा, कलायत से प्रीतम मेहरा कोलेखा, घरौंडा से राजपाल रोड़ कैमला और सिरसा से पवन शेरपुरा को टिकट दी है। पार्टी ने हांसी से शमशेर □ल और बाढ़डा से लेफ्टिनेंट कर्नल यशवीर सिंह श्योराण को उम्मीदवार बनाया है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी की गई अपनी आख़िरी सूची में शेष तीन सीटों से भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है । इस तरह पार्टी ने सभी 90 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं ।

पार्टी ने सिरसा से रोहताश जांगड़ा, महेंद्रगढ़ से कँवर सिंह यादव और फ़रीदाबाद एन आई टी से सतीश फागना को उम्मीदवार घोषित किया है।

****

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के कार्यान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। इस कार्यक्रम पर कुल 70 हजार 125 करोड़ की लागत आएगी। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 62 हजार पांच किलोमीटर लंबी सडकें बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इससे अब तक सडक से न जुड़ी 25 हजार पात्र बस्तियों को नई कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके अंतर्गत चालीस करोड़ श्रम दिवसों के लिए रोजगार सृजन भी होगा। सभी मौसम में काम करने वाली सड़कें दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित सामाजिक आर्थिक विकास और परिवर्तन लाने में प्रेरक भूमिका अदा करेंगी। बस्तियों को सड़कों से जोड़ते समय निकटवर्ती सरकारी शैक्षिक, स्वास्थ्य संस्थाओं और विकास केन्द्रों के साथ यथा संभव संपर्क कायम करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोग इनसे लाभांवित हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क संपर्क योजना को पीएम गति शक्ति पोर्टल के जरिए लागू किया जाएगा।